nt>

Title: Need to provide maximum possible funds to Rajasthan Government for completing the drinking water and irrigation schemes and ensuring the sharing of water between Rajasthan and Punjab.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, पूरे जयपुर शहर में पानी सप्लाई करने का एकमात्र स्रोत रामगढ़ का बन्धा है। इस समय उसमें कुल दो फुट पानी रह गया है। मुझे लगता है कि चार दिन बाद जयपुर शहर के लोगों को पीने का पानी नहीं मिलेगा। मेरी आपसे प्रार्थना है कि बन्धे की मिट्टी खुदवाई जाए। राज्य सरकार अपनी ओर से प्रयास कर रही है लेकिन बनास योजना उपयुक्त योजना है। इस योजना का क्रियान्वयन न होने से मेरे संसदीय क्षेत्र में काफी गांव प्रभावित हैं। केन्द्र सरकार को हर प्रकार से राज्य सरकार की मदद करनी चाहिए जिससे हैंडपम्प खुद सके, पानी की टंकी बन सके, तभी जयपुर शहर जिन्दा रह सकेगा वर्ना उसकी हालत खराब हो जाएगी और वह प्यासा मर जाएगा।

पश्चिमी राजस्थान में रावी और व्यास नदियों का पानी बन्द हो जाने से अकाल पड़ गया है। वहां वार्ा नही हुई है। वार्ा न होने के कारण राजस्थान में भयंकर अकाल पड़ने की संभावना है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि राजस्थान को बचाएं और जयपुर शहर को पीने का पानी, जो बहुत बड़ी आवश्यकता है, मिले। भारत सरकार को हमारी मदद करनी चाहिए। राज्य सरकार प्रयत्नशील है और जितना काम करना चाहिए, वह उससे ज्यादा कर रही है लेकिन केन्द्र सरकार की पैसे की मदद के बिना राजस्थान को काम करने में कठिनाई हो रही है। केन्द्र सरकार राजस्थान की मदद करे।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैं हर तरफ के लोगों को बोलने का चांस देता हूं।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Hon. Members, if you disturb, I will not call you.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded except what Shri Tek Lal Mahto says.

(Interruptions) *

* Not Recorded